**खबर संक्षेप**

## सिंगोड़ी जामा मस्जिद के नए सदर होंगे शाहिद भाई

**सिंगोड़ी।** सिंगोड़ी अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिम कमेटी के लिए नए सदर को पर्ची के मध्यम से स्थानीय मुस्लिम समाज ने रविवार को चुना। मस्जिद कमेटी सदर बनने के लिए करीब दस स्थानीय धर्मावलंबियों के नाम सामने आए थे जिसमें किसी एक नाम पर सहमति नहीं बनने के कारण सभी 8 लोगो के नाम से पर्ची बनाई गई थी जिसमें अंजुमन सदर इलमन मिस्किनी ने कुरा की एक पर्ची निकाली जिसमें शाहिद अंसारी का नाम सिंगोड़ी अंजुमन सदर के लिए निकला। वही आगामी दिनों में शाहिद अंसारी पुरानी कमेटी से विधिवत चार्ज लेकर सामाजिक कार्यों को अंजाम देंगे। वही वर्तमान अंजुमन कमेटी एवं शेख रमजान, जाहिद मंसूरी शफीक मिस्किनी साजिद भाई सिराज मंसूरी इरफान टेलर सोनू मिस्त्री गोलू सुल्तान गुलाम हुसैन, राजिक मिस्किनी, नौसाद मेकनिक, गुड्डू भाई नई आबादी,जफर पटेल ,राजीक भाई पान, खुर्शीद भाई, अख्तर मनहारी,साजिद भाई सज्जू,सहित अन्य ने नए सदर को मुबारकबाद दी है।



## ओ.बी.सी.महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ाः** छिन्दवाड़ा जिले में जहरीली कफ सिरप के कारण 22 अबोध बच्चों की हुई मौत यह त्रासदी केवल एक जहरीली सिरप की नहीं बल्कि डुलमुल व्यवस्था बिके हुये तंत्र और बेफरावहा शासन का परिणाम है जो कुर्सियों पर बैठे रहकर भी अपनी कुंभकर्णी नींद में है दोषी केवल दवा कंपनी ही नहीं बल्कि वे जिम्मेदार अधिकारी और संस्थाऐं भी है जिनका कत्र्तव्य था कि दवाओं की गुणवत्ता की जांच और निरंतर सुनिश्चित करना था ,साथ ही जनता द्वारा चुनी गयी सरकार भी इस जबावदेही से मुक्त नहीं हो सकती । यह समय दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने और ऐसी घटनाओं की पुनावृत्ति रोकने के लिये ठोस कदम उठाने का और पीड़ति मृतकों के परिवार को 50 -50 लाख रूपये का मुआवजा दिया जाए।

## हरिभूमि की सच्ची खबर को प्रशासन के साथ खनिज विभाग झुठलाने पर अमादा

# खनिज निरीक्षक की लचर कार्यवाही का नतीजा रेत चोरी के वाहन राजसात होने के बजाए जुर्माना भरकर छूट रहे

**रेत चोरों पर खनिज विभाग की मेहरबानियां इन दिनों तामिया की वादियों में जमकर चल रही है। तामिया तहसील खनिज निरीक्षण के लिए सोने की खान बन गई है। बस चोरी के रेत को पकड़ों, चमकाओ बड़ी कार्यवाही की धमकी दो और नाम मात्र की कार्यवाही करते हुए जुर्माना भरकर छूट जाओ और साथ में साहब की जेब गरम करते चलो। यह बात हम नहीं कह रहे है तामिया का वह मंजर बता रहा है कि खनिज निरीक्षण किस तरह से चालानी कार्यवाही को अंजाम देने में लगे है। अगर खनिज निरीक्षण की कार्यप्रणाली में जिला कलेक्टर कठोर कार्यवाही नहीं करते है तो हरिभूमि निरंतर इस निरीक्षक की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते रहेगा। जब तक की खनिज संपदा का संरक्षण न हो जाए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया




तामिया तहसील में रेत चोर खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन परिवहन दिन के उजाले में करते चले आ रहे है। इस तरह यह प्रशासन के अलावा खनिज विभाग के लिए खुली चुनौती भी पेश करते चले आ रहे है। लेकिन इस तहसील की खनिज निरीक्षक इन चुनौतियों को स्वीकार करने के बजाय खानापूर्ति के लिए रेत चोरी के वाहन पकड़कर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर खास रेत चोरों पर कार्रवाई नहीं होना उनकी कार्य प्रणाली पर हमेशा सवाल खड़ा करता चला आ रहा है। जिस कारण शासन को प्रतिदिन लाखों रुपए राजस्व की हानि हो रही रेत चोरी के कारण उठानी पड़ रही है। खनिज निरीक्षक की कार्य प्रणाली पर इसलिए भी अब सवाल लोग सबाल उठा रहे हैं कि उनका नजरिया हमेशा रेत चोरों के पक्ष में ज्यादा है। बजाये शासन के पक्ष में होने के उसके कुछ कारण भी बताए जाते है कि गाहे बगाहे समय पर इन्हीं रैत चोरों का सहयोग जो लेना पड़ता है। ऐसा ही उदाहरण पकड़े गए रेत चोरी के वाहन मालिक मौखिक रूप से लगाते हैं कि कुछ महीनो पूर्व जुन्नारदेव तहसील की कट्टा नदी में तीन रेत के ट्रैक्टर खनिज निरीक्षक ने मौके पर नदी से रेत भरते पकड़े थे, लेकिन वाहन चालक भाग खड़े हुए थे। ऐसी स्थिति मैं एक प्रसिद्ध रेत चोर की मदद लेनी पड़ी थी। तब तीन ड्राइवर 15 लीटर डीजल भेज कर उन रेत से भरे ट्रैक्टरों को तामिया थाने में खड़ा करवाया था। इस तरह कई बार खनिज निरीक्षक को मजबूरन अपनी कार्रवाई शिथिल करनी पड़ती है। जिसका जीता जाता उदाहरण पिछले दो महा पूर्व तामिया तहसीलदार ने कपूर नाला में रेत का अवैध परिवहन करते ट्रक को पकडकर तामिया थाने में खड़ा करवाया था। उसके अलावा खनिज निरीक्षक भी समय-समय पर इक्का दुक्का वाहन रेत से भरे पकड़े। लेकिन उन पर ठोस कार्रवाई नहीं होने की दशा में राजसात होने के बजाय खाली जुर्माना भरकर छूट गए। जबकि खानिज निरीक्षक यदि ठोस कार्रवाई कर कलेक्टर न्यायालय में राजसात की कार्रवाई प्रस्तावित करती तो रेत के वाहन जुर्माना के बजाय राजसात होते और रेत चोरी पर अंकुश लगता, लेकिन ऐसा नहीं होना रेत चोरी को रोकने के बजाय बढ़ावा देना जैसा साबित हुआ। इसका असर यह हुआ कि अब रेत के वाहन दिन के उजाले में ओवरलोड रेत भरकर निकल रहे हैं। इस तरह परिवहन नियम का भी खुला उल्लंघन कर रहे हैं। जबकि हरि भूमि ने पिछले दिनों रेत के ओवरलोड ट्रैक्टर दिन के उजाले में निकल रहे इस आशय का समाचार साचित्र प्रकाशित किया था, लेकिन खनिज विभाग सच्चाई को झुठलाने सदा विश्वास रखता रहा है, जिसका परिणाम रेत चोरी के रूप में देखने मिल रहा है।

## पुलिस प्रशासन से गश्म बढ़ाने की मांग

# चोरों ने बनाया एक रात में पांच दुकानों को निशाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

रविवार की रात्रि चोरों के द्वारा सौसर नगर के व्यस्ततम इलाकों में पांच जगह पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।चोरों के द्वारा बिना तले को तोड़े शटर को उठाकर दुकानों से नगद राशि पर हाथ सफाई करने की जानकारी प्राप्त हुई है।एक साथ सौसर नगर में पांच स्थानों पर हुई चोरी की घटना के बाद में सौसर नगर के साथ वार्डों की गलियों में भी अब पुलिस के गश्त बढ़ाने की मांग की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि 2 से 3 बजे के लगभग सौसर नगर के विट्ठल मंदिर परिसर में बने हुए नवदुर्गा मेडिकल स्टोर में शटर को ऊपर करते हुए चोरों के द्वारा नगद लगभग ₹10000 और चिल्लर, वहीं सिविल लाइन स्थित कृष्णा मेडिकल स्टोर से लगभग 7000 नगद, मोहगांव मार्ग जय दुर्गे हार्डवेयर से 10 केबल के बंडल, छिंदवाड़ा रोड पर बनी हुई दारू की दुकान, और मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी वार्ड क्रमांक 15 में लगी हुई दवाई की दुकान पर भी चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद में सौसर पुलिस के द्वारा सभी दुकानों पर पहुंचकर मामले की तक्षशिक्ष और जांच की गई है। पुलिस के द्वारा चौक चौराहे पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे के मदद से चोरों की पताशाजी की जा रही है। शक के आधार पर पुलिस के द्वारा दो लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। नवदुर्गा मेडिकल स्टोर सौसर के संचालक राजू बासिस्टाले बताया की चोरों के द्वारा नगर के व्यस्ततम इलाके में एक साथ पास दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देने से सभी व्यापारी अपनी दुकानों की सुरक्षा को लेकर परेशान है। पुलिस के द्वारा निरंतर गस्त में बड़ोती करते हुए जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करना चाहिए।

# जुआ फड़ में रेडः 31 हजार 320 रुपये नगद एवं पांच मोटर साइकिल जप्त

**चाँद पुलिस की बड़ी कार्यवाही, जुआरियों को दबोचा, जुआफड़ चलाने वालों में हड़कंप का माहौल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

पुलिस ने जुआरियों को नगदी और पांच मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती भारती जाट के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार मर्सकोले के नेतृत्व में चांद पुलिस स्टाफ के द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम बारी जमुनिया रोड के पास पहाड़ी के जंगल में रेड कार्यवाही कर पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 12/10/2025 को मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम वारी जमुनिया रोड के पास पहाड़ी का जंगल में ग्राम वारी का देवीसिंह पिता मदन सिंह रघुवंशी खिलाड़ियों को बुलाकर ताश के पत्तों पर रुपये पैसों का दाव लगाकर जुआ खिलवा रहा है, जो सूचना प्राप्त होने पर थाना से सउनि. लक्ष्मीप्रसाद गुप्ता को स्टाफ सहित थाना से रवाना कर रेड कार्यवाही की गई, रेड कार्यवाही में कुल 08 आरोपी जुआ खेलते पाये गये जिनके पास से तथा जुआ फड़ से 52 ताश के पत्ते व नगदी रकम कुल 31,320/- रूपये एवं 05 मोटर सायकल एवं 08 मोवाइल फोन कुल कीमती सम्पत्ति करीबन 3,00,000/रु (तीन लाख रुपये) गवाहों के समक्ष जप्त किया गया तथा आरोपीगणों से गवाहों के समक्ष पूछताछ की गई जिन्होंने अपने कथनो मे बताये कि ग्राम बारी का देवीसिंह पिता मदनसिंह रघुवंशी उपस्थित होकर जुआ खिलवा रहा है तथा नाल काट रहा है।

**आरोपीगण -** 1.राहुल रघुवंशी पिता श्रीपाल रघुवंशी उम्र 30 साल नि0 ग्राम टाप थाना चांद. 2.कपिल जरोले पिता खेमचंद जरोले उम्र 20 साल नि0 तीतरी थाना चांद, 3.शकिल रघुवंशी पिता घुड़न सिंह रघुवंशी उम्र 50 साल नि0 ग्राम मेघदौन थाना चांद, 4.चंचलेश सूर्यवंशी पिता महाभारत सूर्यवंशी उम्र 28 साल नि0 ग्राम पंचशील कालोनी छिंदवाड़ा, 5.सौरभपटेल पिता श्रीपाल पटेल उम्र 26 साल नि0 ग्राम टाप हाल न्यू बैल बाजार छिंदवाड़ा, 6.गौतम रघुवंशी पिता शेषराव रघुवंशी उम्र 48 साल नि0 ग्राम टाप थाना चांद. 7.फूलभानशाह पिता संतराम कवरेती उम्र 40 साल नि0 खामारपानी थाना बिछुआ, 8.मोहिन खान पिता माजिद खान उम्र 23 साल नि0 परासिया थाना परासिया जिला छिंदवाड़ा 9.देवीसिंह रघुवंशी पिता मदनसिंह रघुवंशी उम्र 45 साल नि0 ग्राम बारी थाना चांद

**जप्त संपत्ति -** 52 ताश के पत्ते, नगदी रकम कुल 31320/- रूपये 05 मोटर सायकल एवं 08 मोबाइल फोन,कुल कीमती सम्पत्ति करीब 3,00,000/रु (तीन लाख रुपये)

## दमुआ नगर की मुख्य सडको के हाल बेहाल

**दमुआ।** दमुआ नगर की मुख्य सडको के हाल बेहाल जर्जर उबड खाबड, गड्डे नूमा सडक रोड पर आमजन मानस नागरिक एव राहगीर आवागमन करने को मजबूर हो गये है नगरीय निकाय दमुआ के प्रीति पुल, बेरियर क्षेत्र से मुख्य मार्ग होते हुए दीनदयाल चैक एवं बेरियर से मुख्य मार्केट पुराना बस स्टेण्ड से इन्द्रा चैक तक जर्जर एवं खस्ताहाल हालत में पडा हुआ है लोगो का आना जाना दूभर हो गया है कई बार तो वाहन चालक दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है दमुआ नगर मुख्य सडको की हालत खराब पडी है और सडके अपनी किस्मत पर आंसू बहा रही है। फिर भी जनप्रतिनिधि और संबंधित विभाग के अधिकारियों को रास नही आ रहा और ये जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी प्रतिदिन इसी सडक से आना जाना कर रहे है फिर भी इस ओर इनका ध्यान नही है। ज्ञात हो कि वर्ष 2012 से 2017 तक भाजपा की नित परिषद के कार्यकाल में करोड रूपये की माडल रोड नंदन से इन्द्रा चैक दमुआ तक बनाई गई।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी के अवसर पर पथ संचलन का भव्य आयोजन

**दमुआ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के 100 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय स्वयं सेवको के द्वारा दमुआ नगर में पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर सभी स्वयं सेवक गणवेश धारण कर सामिल हुए जो दमुआ नगर का भ्रमण करते हुए दीनदयाल चैक, नया बस स्टेण्ड मे बौधिक सभा मे उपस्थित हुए उक्त अवसर पर भारी संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित रहे और राष्ट्रीय स्वयं सेवक कार्यवाहक की उपस्थिति रही सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान नगर निरीक्षक श्री प्रमोद सिरसाम सहित पुलिस बल तैनात रहा।



## वार्डवासियों की मांग पर हटाया पोल,सुविधा के लिए नया पोल लगाया



**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 एकता कॉलोनी में सड़क किनारे स्थित बिजली पोल से वार्ड वासियों को हादसों का भय बना रहता था। वार्ड के नागरिकों ने वार्ड पार्षद एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे से विद्युत पोल को हटाए जाने की मांग की थी। नपा अध्यक्ष ने रविवार को बिजली के पोल को हटवाया। ओर आम लोगों की सुविधा को देखते हुए नए पोल स्थापित कराया है। जिससे कचरा वाहन ओर आवागमन में सुविधा मिलने लगी है। पोल हटाने से वार्डवासियों ने राहत की सांस ली है और नगरपालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे का आभार माना है।

## छात्राओं को दी अधिकारों की जानकारी छात्रायें निडर होकर स्कूल आये



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

बालकों के बढ़ रहे अपराधो एवं उनके अधिकारो की जानकारी छात्र स्तर पर नहीं पहुंचने के कारण मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह जाते है। इन विषयों की जानकारी देने के लिए जिला प्रधान न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के निर्देशन मे शासकीय उतकृष्ट विध्यालय छिंदवाड़ा मे बालको के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु बाल सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने बताया की उक्त कार्यक्रम बालको के लिए किशोर न्याय अधिनियम, बालको के अधिकार, पर गतिविधियों का आयोजन कर छात्रो मे जागरूकता लाना हे । वही छात्रो को संवैधानिक अधिकार के तहत मूल अधिकार, दायित्व, एवं उनके कर्तव्यों को विस्तार से बताया वही बालको के चार अधिकारो मे जीवन जीने का अधिकार,विकास का अधिकार, सहभागिता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध संरक्षण के अधिकारो से अवगत कराया।

## जनता की समस्याओं के लिए सत्ता से डटकर लड़ें- नकुलनाथ

**पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जनमस्याओं के लिए निराकरण के लिए सरकार को चेताएं, नहीं जागे तो आंदोलन करें, धरना भी दें, क्योंकि सोई हुई सरकार को जगाने के लिए यह सब जतन करने की आवश्यकता है। वर्तमान परिदृश्य में समाज का हर वर्ग शासन की गलत नीतियों से परेशान व त्रस्त है। विपक्ष की यह भूमिका है कि सरकार के गलत निर्णय व जनविरोधी नीतियों पर रोकें और टोकें। उक्त उदगार जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी ने जिला कांग्रेस कमेटी पांढुर्ना की आयोजित अहम बैठक में व्यक्त किए।

जिला कांग्रेस कमेटी पांढुर्ना के उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए माननीय नकुलनाथ जी ने "वोट की चोरी" को लेकर कहा कि सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह अपने क्षेत्र की वोटर लिस्ट का गहनता से अध्ययन करें। नाम जोड़ने व नाम काटने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दें ताकि कोई भी फर्जी नाम ना जुड़े। पूरे देशभर में "वोट की चोरी" के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों पर जोर देते हुए कहा कि संगठन में कोई छोटा और कोई बड़ा नहीं होता। सभी की जिम्मेदारी और लक्ष्य एक ही होना चाहिए संगठन सर्वोपरि। जनसमस्याओं का निराकरण कराने के लिए सरकार तक अवाज पहुंचाने का काम हमारा है इसीलिये इसे पूरी प्राथमिकता के साथ पूरा करें। विपक्ष आवाज नहीं उठाएगा तो पहले से तानाशाही बनी सरकार और तानाशाही पर आ जाएगी।

### जनता के बीच जाएं और समस्याएं सुनें:-

कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से माननीय नाथ ने कहा कि जनता के बीच में जाएं, उनकी समस्याएं सुनें। क्योंकि जनता वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान है। उन्होंने किसान आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार पहले तो झूठे आंकड़े प्रस्तुत करती रही और खाद की किल्लत बनी हुई थी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक का पथ संचलन, नगर की सड़कों पर उमड़ा राष्ट्रवाद

**युवाओं की मां भारती के प्रति दिखी संकल्प शक्ति**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विजयादशमी के पश्चात देश का प्रमुख राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया। सोमवार 13 अक्टूबर को नगर की सड़कों पर आरएसएस का पथ संचलन दिखाई दिया। स्थानीय दशहरा मैदान, नंदलाल सूद मैदान में समस्त स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ यहां से स्वयं सेवकों का अनुशासित एवं क्रमबद्ध तरीके से पथ संचलन प्रारंभ हुआ। प्रत्येक स्वयंसेवक अपनी निर्धारित गणवेश में देखा गया। कतारबद्ध होकर एक बड़ी रैली के रूप में आरएसएस का यह पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों पर होता हुआ वापस मैदान जा पहुंचा। नंदलाल सूद मैदान पर अंत में यहां प्रांतीय पदाधिकारीयो के द्वारा उपस्थित स्वयंसेवकों को बौद्धिक प्रदान किया गया। नगर के विभिन्न चौक-चौराहो पर आम जनता ने स्वयं स्फूर्ति से इनका स्वागत और सम्मान किया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक का यह शताब्दी वर्ष है। इस आयोजन में इसकी झलक भी दिखाई दी, जब गत वर्षो की तुलना में इस वर्ष अत्याधिक संख्या में स्वयंसेवक इस पथ संचलन में शामिल दिखे। पथ संचलन में वरिष्ठजनों की गरिमामय उपस्थित के साथ उत्साही युवाओं की एक नई श्रृंखला भी देखने को मिली है।

## मध्य प्रदेश दे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना वार्षिक आम सभा की बैठक में पहुंचे सांसद

# भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना मोदी सरकार की पहली प्राथमिकताः सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जनपद पंचायत जुन्नारदेव में मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की बैठक में जिले के सांसद विवेक बंटी साहू पहुंचे जहां पर उनके द्वारा आमसभा की बैठक को संबोधित करते हुए कहा गया कि भारत को आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने के पहले ही विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना मोदी सरकार की पहली प्राथमिकता है जिसके लिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है इसी का परिणाम वर्तमान में जो नरदेव विधानसभा क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है जहां पर विधानसभा क्षेत्र के स्व सहायता समूह हेतु 26 करोड़ की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है वर्तमान में 3700 से अधिक दीदी लखपति बन चुकी है। अपनी कार्य को चला के आधार पर कार्यों का चयन कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है उन्होंने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं जो मुझे इस कार्यक्रम में आने का अवसर प्राप्त हुआ।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना मोदी सरकार की पहली प्राथमिकता

सांसद ने मंच से कहा कि देश विकसित और आत्मनिर्भर बने इसके लिए आवश्यक है कि देश की महिलाएं आत्मनिर्भर बने इसके लिए उन्हें अपनी कार्य कुशलता और कल कुशलता दिखाने के लिए मंच प्रदान करना होगा भाजपा सरकार महिलाओं को लगातार आगे बढ़ाने के लिए उन्हें प्लेटफार्म प्रदान कर रही है आजीविका कौशल मिशन इसी का एक रूप है जिसके माध्यम से हमारे जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र की दीदी अब आत्मनिर्भर बनकर देश के विकास में योगदान दे रही है। कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, पूर्व विधायक नथन शाह, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, नपा परासिया अध्यक्ष विनोद मालवीय, मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष शुभम साहू, नपा उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन नपद अध्यक्ष सविता बौसम, गोवर्धन यदुवंशी, मनीष बंटी साहू, राजेंद्र सूर्यवंशी, संजय जैन, प्रमोद बंदेवार, सीमा चौरसिया, दीप्ति साहू,अमन सोनी , नितेश राजपूत, जितेंद्र सूर्यवंशी, म.प्र डे योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन प्रबंधक मनोज पटेल, सहित प्रशासनिक अधिकारियों में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कामिनी ठाकुर, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रश्मि चौहान, नगर पालिका मुख्य कार्यपालन अधिकारी नेहा धुर्वे, थाना प्रभारी राकेश बघेल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में युवा उत्सव का हुआ रंगारंग आगाज

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में अंतर कक्षा महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज सोमवार 13 अक्टूबर को किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एके टांडेकर एवं स्टाफ द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन अर्चन माल्या अर्पण कर सरस्वती वंदना के साथ युवा उत्सव का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के अवसर पर रूपांकन पक्ष की विधा का आयोजन किया गया जिसमें पोस्ट निर्माण में नौ विद्यार्थी क्ले मॉडलिंग एक विद्यार्थी स्पॉट पेंटिंग दो विद्यार्थी कोलाज एक विद्यार्थी एवं रंगोली में अच्छे विद्यार्थियों ने भाग लिया। शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को युवा उत्सव की प्रतियोगिताओं में बाद चढ़कर भागीदारी देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर संगीता वाशिंगटन द्वारा युवा उत्सव को व्यक्तित्व निखारने का एक उचित मंच बताया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन युवा उत्सव प्रभारी डॉक्टर रीना मेश्राम द्वारा एवं आभार डॉक्टर सागर भनोत्रा द्वारा व्यक्त किया गया।

## कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने कहा स्मार्ट मीटर लगाने का किया जाएगा विरोध

# स्मार्ट मीटर के बाहने उपभोक्ता को लूटने की तैयारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया**

क्षेत्र और शहर में बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं नगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने कहा कि कांग्रेस इसका विरोध करेगी नगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने एसडीएम महोदय और बिजली विभाग पत्र भेजकर स्मार्ट मीटर नहीं लगाने को कहा उन्होंने पत्र में कहा कि बगैर जनप्रतिनिधियों और आमजनों उपभोक्ताओं से पुछे बगैर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जहां जहां स्मार्ट मीटर लगाए गए वहां उपभोक्ताओं द्वारा बिजली के बिलों में कई गुना वृद्धि की शिकायत की जा रही भोपाल में तो जहां स्मार्ट मीटर लगाए गए वहां के समूचे क्षेत्र और जहां जहां स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं उपभोक्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है उनका कहना कि स्मार्ट मीटर जब से लगाए गए तब से बिजली बिल कई गुना बढ़कर आ गए हैं वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह मीटर Spy मीटर” है नगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने कहा कि यह “स्मार्ट मीटर नहीं — Spy मीटर” उन्होंने बताया कि बीते कई दिनों से जहां जहां स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं वहां नागरिकों की बिजली बिलों में वृद्धि, गोपनीयता और सुरक्षा से जुड़ी शिकायतें तेजी से बढ़ रहीं हैं।

स्मार्ट मीटर परियोजना से संबंधित गंभीर सुरक्षा, गोपनीयता तथा वित्तीय दुरुपयोग के आरोपों को इस दौरान प्रशासकीय निर्णयों, ठेकों की प्रक्रिया, संबंधित कंपनियों के विदेशी संपर्कों और तकनीकी जोखिमों को उजागर करते हुए नगर कांग्रेस अध्यक्ष कहा जनप्रतिनिधियों आमजनों और उपभोक्ताओं को विश्वास में लेकर ही स्मार्ट मीटर लगाए जाएं तब स्मार्ट मीटर नही लगाएं जाए अगर फिर भी विभाग ने जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाए तो आमजनों के साथे मिलकर नगर कांग्रेस आंदोलन करेगी जिसकी समुण जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी उन्होंने सरकार एवं डिस्कॉम से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग रखी।



### 15 दिसंबर तक चलेगा खाद-बीज दुकानों का निरीक्षण

**परासिया** : किसानों को गुणवत्ता पूर्ण उर्वरक , खाद और बीज मिल सके इसके लिए कृषि विभाग द्वारा विकासखंड क्षेत्र में स्तिथ सभी खाद बीज दुकानों का निरिक्षण किया जा रहा है। जिसके तहत वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी विनायक नागदवने परासिया की सभी खाद - बीज दुकानों में पहुंचे और दुकानों में मौजूद दवा आदि की जांच की। उन्होंने बताया कि यह अभियान 15 दिसंबर तक चलेगा। जिन दुकानों में अनियमितता पाई जाएगी उनके लाइसेंस ससपेंड किए जायेंगे।

### कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर व्याख्यान का आयोजन



**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता घनश्याम मालवीय ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य जीवन का मूल आधार है। योग, ध्यान, अनुशासन और आत्मसंवाद के माध्यम से मन को संतुलित रखना आवश्यक है। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि “मनुष्य का मन ही उसका सबसे बड़ा मित्र और सबसे बड़ा शत्रु है।” अतः मानसिक शांति और सकारात्मक सोच से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विचारों और भावनाओं को खुलकर व्यक्त करने तथा आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया।

## तपोभूमि जाखीवाड़ा में 20 अक्टूबर को होगा आयोजन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर**

जाखिवाड़ा तपोभूमि में रविवार 12 अक्टूबर को भारतीय संविधान परप्रश्न उत्तरीय प्रतियोगिता का एड वासुदेवराव नंदाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट एवं तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखिवाड़ाकी ओर से आयोजन किया गया।इस दौरान प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र के 30 बच्चों ने भाग लेकर भारतीय संविधान बुद्ध और उसका धम्म, चक्रवर्ती सम्राट अशोक संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर महात्मा ज्योतिबा फुले, के जीवन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दिए गए।आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष सहादेवराव गोडबोले सचिव डॉ अशोक भगत, कोषाध्यक्ष मुकेश बागडे,अमोल रंगारे,ने बताया की समिति के द्वारा निरंतर तथागत बुद्ध डॉ बाबासाहेब अंबेडकर महात्मा ज्योतिबा फुले और बुद्ध धर्म के विचारों का प्रचार प्रसारों इस उद्देश्य को लेकर तपोभूमि जकरवाड़ा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।जाखिवाड़ा तपोभूमि में जल्द ही तथागत भगवान गौतम बुद्ध की 15 फीट की ऊंची प्रतिमा का स्थापना को लेकर कार्य चल रहा है। पुरस्कारों का वितरण 20 अक्टूबर सोमवार को तपोभूमि जाखिवाडा में स्मृतिशेष एड. वासुदेवराव बागडे इनके पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा, धम्म देशना, प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रथम द्वितीय तृतीय विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

## अतिरिक्त कक्ष का हुआ सरस्वती शिशु मंदिर में भूमिपूजन

**सौंसर।** लोधीखेडा में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में अतिरिक्त कक्ष में भुमिपुजन कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करते हुए अतिरिक्त पक्ष का भूमि पूजन किया है।आयोजन को संबोधित करते हुए श्री मोहड़ ने कहा अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में अध्यनरत बच्चों को और भी सुविधा और पर्याप्त स्थान मिलेगा, सरस्वती शिशु मंदिर संस्कारों की पाठशाला है, सरस्वती शिशु मंदिर से हजारों भैया बहने भारतीय संस्कृति ज्ञान धार्मिकता संस्कार आदि का ज्ञान अध्यापन लेकर देश और दुनिया में अपना और अपने परिवार का नाम रोशन कर रहे हैं।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता संतोष जैन, नंदकुमार राय, गंगाधर धुर्वे, सोमादास हेडाऊ, होमदेव बजाकर,लीलाधर बांगडे,अनुप कुमार जैन,विठ्ठल खोडनकार, मुरलीधर खोढनकार, मेघराज बोबडे,राजेन्द्र दाडे,रविन्द्र टेटे, मिलन ऊईके,रजनीश कोहडे, महेन्द्र कोल्हटकर, राजु हेडाऊ, होमदेव होटे, राजू गायकवाड़, राजू वांजरकर, विलास चटप,आदि थे।



## नोबेल पुरस्कार के लिए सामाजिक कार्यकर्ता साहू को भी किया था नामिनित

**छिंदवाड़ा.** पूरे देश में एक चर्चा आम है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नोबेल पुरस्कार से वंचित रह गए। वहीं जिले के लिए गौरान्वित विषय यह है कि सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन पिता श्री भैयालाल साहू की भी फाइल नोबेल पुरस्कार के लिए चली थी। यह फ़ाइल स्वयं केंद्र सरकार के विदेश मंत्रालय ने चलाई थी। इस सम्बंध ने श्री साहू ने बताया कि इसके पूर्व मेरा पद्मश्री पूरस्कार के लिए चयन हुआ था। उनके पास चयनित पत्र भी हैं। इस सम्बंध ने केंद्र सरकार का अपना राजनीतिक गुणा भाग होता हैं। नोबेल पुरुस्कार अंतराष्ट्रीय स्तर का होता है। यह बहुत सी केटेगरी में प्रदान किया जाता है। उक्त फाइल में श्री साहू द्वारा किये गए ऐतिहासिक सेवाकार्यों का जिक्र है। जिसमें देश में 14 फरवरी को महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के सहयोग से 71 करोड़ माता - पिता का पूजन करवाना , इस खबर को ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख अखबारों में प्रकाशित होना , अंतर्राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के समक्ष सम्मानित करना , लाखों निराश्रित ,निर्धन ,असहाय बुजुर्गों को जनहित याचिका के माध्यम से वृद्ध आश्रम योजना का लाभ दिलाना ,श्रीमद भगवदगीता और श्री रामायण का देश के सभी स्कूली पाठ्यक्रमो में शामिल करवाने के साथ सऊदी अरब के भी स्कूली पाठ्यक्रम में शुरू करवाना ।बहुत से स्थानीय जिला कलेक्टरों द्वारा सम्मानित किया जाना। श्री योग वेदांत सेवा समिति से जुड़कर विश्व के 167 देशों में सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार करना ।ऐसे कई अनगिनत अति उत्कृष्ट सेवा कार्य है। श्री साहू ने यह भी बताया कि जब उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नोबेल पुरस्कार के नॉमिनी की खबर सुनी तो स्वयं का पुरुस्कार प्राप्त करने के प्रयासों को विराम लगा दिया। वैसे भी यह पुरस्कार ईसाई धर्म वालों को प्रथमिकता देता है और मुझे ईसाई बनना मंजूर नहीं था। मेरे लिए या जिले के लिए यह गर्व की बात है कि नोबेल पुरस्कार के लिए अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मेरा नाम भी नामिनित किया गया।



## कांग्रेस नेताओं ने की पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से भेंट



**सौंसर।** छिंदवाड़ा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आगमन पर बड़ी संख्या में सौसर क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात करते हुए संगठन एवं समस्याओं को लेकर चर्चा की है। सोमवार को शिकारपुर में वरिष्ठ कांग्रेस नेता निजाम भाई मंसूरी ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से सौजन्य भेंट की,मुलाकात के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के सौसर में प्रथमबार आगमन के दौरान संतरा मंडी में हुई बैठक और पुराने वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को लेकर भी चर्चा की गई।इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता सोपान कोहले इरफान मंसुरी, रितेश शर्मा इरशाद मसुरी निवृत्ति कोहले आदि उपस्थित थे।

### ग्वालियर के अधिवक्ता अनिल मिश्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मॉग

## अंबेडकरवादियों ने निकाली आक्रोश रैली




**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

प्रदेश के ग्वालियर निवासी अधिवक्ता अनिल मिश्रा द्वारा गत दिनों डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर दिए गए बयान को लेकर रविवार को अनुसूचित जाति के नागरिकों द्वारा विशाल आक्रोश रैली निकाली गई। यह रैली वार्ड नम्बर 1 दीनदयाल चौके के पास स्थित महामाया बौद्ध विहार से निकाली गई, जो दीनदयाल चौक, बस स्टैंड, जय स्तम्भ चौक, नेहरु चौक होते हुए अंबेडकर चौक पहुॅची। जहॉ से यह रैली वापस जय स्तम्भ चौक पहुॅची। जहॉ पर आम सभा का आयोजन किया गया। जिसके बाद राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा गया।

ज्ञापन अनुसार ग्वालियर निवासी अधिवक्ता अनिल मिश्रा द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर के खिलाफ अत्यंत अपमानजनक, असंवेदनशील, निम्नस्तरीय एवं भडक़ाऊ वक्तव्य सोशल मीडिया पर सार्वजनिक रुप से दिया गया है। उसके वक्तव्य से डॉ. अंबेडकर की प्रतिष्ठा और संविधान की गरिमा को ठेस पहॅुची हैं। यह वक्तव्य देश में सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के लिए घोर अपमानजनक एवं वैमनस्य फैलाने वाले है। ऐसे बयान अनुसूचित जाति जनजाति समाज की भावनाओं को गहराई से आहत करते हैं और समाज में विभाजन की भावना को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्रीय एकता को खंडित करने वाले हैं। ऐसी स्थिति में उनका यह कृत्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 तथा भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इसीलिए अधिवक्ता अनिल मिश्रा के खिलाफ शीघ्र कठोर कानूनी कार्यवाही कर उसे गिरफ्तार कर उसका वकालत का लाईसेंस रद्द किया जाये।

इस ज्ञापन की प्रति पुलिस थाना वारासिवनी व एसडीएम वारासिवनी को भी दी गई हैं।

## खुशी आजीविका समाज सेवी संगठन ने ग्राम वारी में शुरू की निशुल्क ट्यूशन क्लास



### पहली से पांचवी तक के बच्चों को मिलेगी निशुल्क शिक्षा और नैतिक ज्ञान

**हरिभूमि न्यूज लांजी।**

ग्राम वारी में खुशी आजीविका समाज सेवी संगठन के द्वारा निशुल्क ट्यूशन क्लास का शुभारंभ किया गया। इस क्लास में पहली से पांचवी तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी, साथ ही नैतिक शिक्षा और योग भी सिखाया जाएगा।

इस ट्यूशन क्लास का उद्देश्य बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास करना है। बच्चों को खेल-खेल में अच्छी बातें सिखाई जाएंगी, साथ ही कहानियां, खेल, गाने, शब्दावली, संख्या बोध आदि भी सिखाया जाएगा।

समाजसेवी संगठन के सदस्यों ने ग्राम वारी सरपंच ऋषि पटेल से मुलाकात की और उन्हें वृक्ष भेंट कर इस ट्यूशन क्लास के बारे में बताया। इस संस्था के द्वारा लांजी और अन्य गांव में भी वृक्षारोपण और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में श्रीमती मंजू भालाधरे (अध्यक्ष खुशी आजीविका समाजसेवी संगठन लांजी), शिक्षिका अंकिता पाँचे, पदमा पालेवार, कौशल्या पुशाम, देवकी उइके, दीपांकर भार्गव आदि उपस्थित रहे।

### बाब साहेब द्वारा बनाए गए संविधान के साथ भाजपा कर रही खिलवाड़-विवेक पटेल

## कांग्रेस मंडलम, सेक्टर प्रभारियों का सम्मेलन हुआ सम्पन्न

### कोचेवाही के युवकों ने ली कांग्रेस की सदस्यता



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** संगठन सृजन अभियान के माध्यम से कांग्रेस देश भर में जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त बना रही हैं। खासकर महिलाओं और युवाओं को पार्टी से जोडऩे पर विशेष जोर दिया जा रहा हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने के लिए व संगठन में सक्रियता लाने मंडलम व सेक्टर पदाधिकारियों का सम्मेलन सोमवार 13 अक्टूबर को विधायक जनसंपर्क कार्यालय वारासिवनी में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने बताया कि मंडलम, सेक्टर प्रभारी की बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती हैं, बहुत जल्द मतदान केंद्रों की कमेटियों और बीएलए की नियुक्ति के संबंध में कार्य किया जायेगा, वही कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर कोचेवाही के लगभग 14 लोगों ने जिला अध्यक्ष संजय उइके के हस्ते गमछा पहनकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

#### भाजपा के झूठे वादो से जनता हो गई परेशान- जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत

सम्मेलन को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरमाली अध्यक्ष व जनपद सदस्य जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत ने कहा कि भाजपा के झूठे वादों के बाद भी चुनाव में महिलाएँ भाजपा को मतदान करती हैं। महिलाओं को भाजपा झूठे वादा दिखाकर वोट तो ले लेती हैं, मगर जीतने के बाद वादा पूरा नहीं करती हैं। हमारे पास मुद्दे बहुत हैं, भाजपा से लोग परेशान हैं। हम भाजपा के झूठे वादों को जनता के समक्ष नहीं ला पा रहें हैं, कुछ लोग रुपयों के लालच में कांग्रेस छोडक़र भाजपा में चले गए, मगर हमारा कार्यकर्ता नहीं बिका। कांग्रेस छोडक़र भाजपा में जाने के बाद भाजपा भी उन्हें अपना नेता नहीं मान रही है।

विधानसभा प्रभारी राकेश सनोडिया ने कहा कि मैं सिवनी खुरई से जिला पंचायत सदस्य हूॅ और सिवनी जिला पंचायत में उपाध्यक्ष पद पर हूॅ। मैंने विधानसभा चुनाव के पूर्व सुना था कि कांग्रेस पार्टी से जिन्हें सब कुछ दिया, वो लालच में कांग्रेस पार्टी छोडक़र भाजपा में चले गए और उनके साथ भी कांग्रेस के कुछ लोग चले गए। तो वारासिवनी कांग्रेस में कुछ नहीं बचा होगा। उसके बावजूद भी कांग्रेस के लोगों ने उन्हें बता दिया और विवेक पटेल ने उन्हें चुनाव में मात दी। चुनाव पैसो से नहीं जीता जाता, व्यक्ति के व्यवहार पर भी निर्भर करता हैं।

#### मुख्यमंत्री को इकत्तीस सौ का वादा याद दिलाने गए, तो पुलिस ने कांग्रेस विधायकों को रोका-विवेक पटेल

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि हमारे छिंदवाड़ा में नकली सिरफ से बच्चों की मौत हो गई, किसानों को खाद नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार कहती थी कि किसानों को 24 घंटे बिजली देंगे, भाजपा सरकार सिर्फ झूठे वादे करती है। भाजपा सरकार ने चुनाव के पूर्व किसानों से कहा था कि इकत्तीस सौ रूपये में धान खरीदेंगे। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव कटंगी आए, तो हम कांग्रेस विधायक उन्हें उनका वादा याद दिलाने गए थे, तो हमें पुलिस ने पहले ही रोक दिया। कोई भी भाजपा का नेता किसानों के हित में बात नहीं करता। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर अब हर गाँव-गाँव का अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, मंडलम अध्यक्ष बनाया जाएगा। विधानसभा चुनाव के समय हमारे कांग्रेस का हर कार्यकर्ता मजबूत था, इन्हीं की देन से मैं विधायक बना हूॅ। भाजपा वोट चोरी करके गद्दी में बैठी है, ईमानदारी से चुनाव लडक़र भाजपा पार्टी कभी सरकार बना ही नहीं सकती।

#### पौधों में खाद डालने के बाद बनता हैं पेड़-अनुभा मुंजारे

बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने कहा कि खाद बीज डालने के बाद पौधे में पानी दो, तब पेड़ बनता हैं। आप लोगो ने हमें जीताया, तब हम विधानसभा में पहुँच कर जनता की आवाज उठाते हैं। जनता आज कहती हैं, हमने जिन्हें जिताया, वो हमारे लिए सरकार से लड़ाई लड़ रहें हैं। बूथ के पदाधिकारी ही हमारी ताकत है, उन्ही के कारण हमें वोट मिलते हैं। बूथ के कार्यकर्ता अपना बूथ मजबूत करे, अगर बूथ मजबूत है, तो हमारी लड़ाई सफल हो जाती है। मुख्यमंत्री ने किसानों को गुमराह किया हैं, जो वादा किया था उन्होंने कुछ नहीं किया। कटंगी आकर फिर किसानों को लॉलीपाप देकर चले गए, हमने काले गमछे दिखाकर विरोध करने जा रहे थे, हमें पुलिस ने रोक दिया, हमें मिलने नहीं दिया। छिंदवाड़ा में कप सिरफ से बच्चों की मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा का नेता आज चुप बैठा हैं, कोई कुछ नहीं बोल रहा है।

## विधानसभा स्तरीय लांजी-किरनापुर सांसद खेल महोत्सव

### विभिन्न खेल ट्रायल प्रतियोगिताएं 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक

**हरिभूमि न्यूज लांजी।**

लांजी-किरनापुर विधानसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत विभिन्न खेल ट्रायल एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

15 अक्टूबरः कराते, कुश्ती, शतरंज, वॉलीबॉल, रस्साकसी, बैडमिंटन के ट्रायल 16-17 अक्टूबरः कबड्डी प्रतियोगिता दीपावली के बादः 100 मीटर, 200 मीटर, 1500 मीटर दौड़ और गोला फेंक प्रतियोगिता के ट्रायल।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को विधानसभा लांजी किरनापुर का निवासी होना अनिवार्य है।आयु सीमा 15 से 35 वर्ष (01/01/1991 से 31/12/2010) वर्ष के बीच होनी चाहिए।महिला और पुरुष दोनों वर्गों में खेलों की विभिन्न प्रतियोगिता एवं ट्रायल आयोजित होंगे।प्रतियोगिता में छात्र, गैर-छात्र, ग्राम पंचायत सभी पात्र होंगे। सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता स्थल पर मूल निवासी प्रमाण पत्र या आधार कार्ड की फोटो कॉपी एवं एक स्वयं की फोटो अपने साथ लेकर सुबह 10:00 बजे तक प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचना होगा।समस्त कबड्डी टीमों को 15 अक्टूबर 2025 को अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।

## जनपद शिक्षा केन्द्र लांजी में दिव्यांग बच्चों का शिविर आयोजित

### 282 बच्चों का पंजीयन, 103 बच्चों को चिन्हित किया गया



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा एवं मिशन संचालक महोदय बालाघाट के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केन्द्र लांजी में दिव्यांग बच्चों का शिविर दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया। इस शिविर में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत शासकीय शालाओं में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के लिए चिकित्सकीय मूल्यांकन एवं उपकरण चिन्हांकन किया गया।

शिविर में पंजीयन 282 किया गया, जिसमें बच्चों को 50 रुपये यात्रा भत्ता नगद एवं स्वल्पाहार प्रदान किया गया। एलिमको टीम द्वारा जांच कर आवश्यक उपकरण श्रवण यंत्र, एमएस आईडी किट, बैशाखी, ट्राईसायकल, वहील चेयर, सीपी चेयर, ब्रेल कीट, केलीपर्स के लिए 103 बच्चों को चिन्हित किया गया तथा 136 उपकरणों का वितरण आगामी शिविर में किया जाएगा।

शिविर में जिला शिक्षा केन्द्र बालाघाट से श्रीष थानथर्राटे, एलिमको सहायक अक्षय मोरे, कष्णा मोरिया, अखिलेश यादव, नेत्र सहायक श्रीमती सारिका, जनपद शिक्षा केन्द्र लांजी से बीएसी युवराज टेम्भरे, अरूण भीमटे, लक्ष्मीकांत मडामें, एमआरसी खिलेश डोहरे, श्रीमती कलपना खोटेले, कम्प्यूटर आपरेटर अनिष वैध एवं भूत्य तोमेश्वर घासले तथा जनशिक्षक डाकचंद पारधी, राधेश्याम सोनवोन, दादूराम रणदिवे, श्री प्रदीप कुमार मुरकटे, मधुसूदन मस्करे, मदनलाल टाण्डेकर, राजेन्र धारणे एवं सहयोगी शिक्षक गादीराम गुरद, कैलाश वैद्य, ईश्वरी सातपुते, ओमप्रकाश मरकाम, गणेश यादव, संतोष कावडे, महेश उईके, श्रीमती विद्या पटले, लोकराम पीपरे, अनिल बापुरे, मनोज नेवारे, अखिलेश घोरमारे उपस्थित रहे। शिविर का संचालन बीआरसी शिवेन्द्र उके के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

## खबर संक्षेप



### गायत्री शक्तिपीठ में नव दंपति सम्मेलन आयोजित

बरघाट-गायत्री शक्तिपीठ में नव दंपति सम्मेलन आयोजित किया गया। नरेंद्र हिंग्वे साधना प्रभारी उपजोन छिंदवाड़ा, बुद्ध सिंह पारधि बालघाट, श्रीमती इमला बोपचे नारी जागरण तहसील संयोजक केवलारी के मुख्य आथित्य मे कार्यक्रम संपन्न।
नरेंद्र हिंग्वे ने अपने उद्बोधन में बताया कि सुखी दांपत्य जीवन का आधार प्रेम है जब एक दूसरे के लिए स्वार्थ भावना का त्याग कर देते हैं तब हृदय परस्पर मिले-जुले रहते है प्रेम में अहंकार का भाव नहीं होता। एक दूसरे के लिए अधिक समर्पण की भावना उत्पन्न होती है। सौंदर्य और वासना प्रेम नहीं धोखा है। आज संयुक्त परिवार खोते हुए चले जा रहे हैं इसमें हम ज्यादा सुरक्षित होते हैं। श्रीमती इमला बोपचे ने आओ गढें संस्कारवान नई पीढ़ी का वैज्ञानिक प्रतिपादन करके बताया कि बच्चों में संस्कारो के बीजा रोपण का यही सही समय होता है। श्री बुद्ध सिंह पारधी ने आदर्श गृहस्थ कैसे हो इसका प्रतिपादन किया।
हेमराज बघेल , सुखराम उइके, चैन सिंह टेभरे, पी.डी परते, निम्बाजी तुरकर,चैन सिंह राहंगडाले, राम सिंह राहंगडाले, गुलाब चंद गुप्ता कि विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### एससी-एसटी कल्याण संबंधी समिति सभापति एवं सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते का दौरा कार्यक्रम

सिवनी / लोकसभा एससी/एसटी कल्याण संबंधी समिति सभापति एवं सांसद श्री फग्गनसिंह कुलस्ते प्राप्त अधिकृत कार्यक्रम अनुसार मंगलवार 14 अक्टूबर को मण्डला से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे केवलारी पहुंचेंगे एवं स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम उपरांत श्री कुलस्ते शाम 04.00 बजे केवलारी से नागपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# सिवनी में हवाला कांड, छिंदवाड़ा में सिरप प्रदेश में मचा हड़कंप

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हवाला कांड की जांच में नया मोड सामने आया है। सोमवार को जबलपुर से आई जी सिवनी पहुंचे। उन्होंने भी स्वीकारा की इस मामले में पुलिस की छवि खराब हुई है। इसके साथ ही सिवनी पहुंचे जबलपुर जोन के आईजी और छिंदवाड़ा के डीआईजी ने बताया कि हवाला कांड के 3 करोड़ के मामले में लखनवाड़ा थाने में प्रार्थी सहित तीन लोगों के खिलाफ ही दर्ज की गई एफ आई आर सोहन परमार, शेख मुश्तक, इरफान पठान पर धारा 112(2)3(5)बीएनएस तहत मामला किया दर्ज। अभी तक लूट मामले में सीएसपी पूजा पांडे सहित 11 लोगों पर निलंबन की हो चुकी है कार्यवाही।
इस प्रकरण में संदिग्ध आचरण में एसडीओपी, टीआई सहित 11 पुलिस कर्मियों का अब तक निलंबन हो चुका है। वहीं मामले में उच्च स्तरीय अधिकारियों की निगरानी में चल रही जांच अभी पूरी नहीं हुआ है। हालांकि हवाला के 1.45 करोड़ रुपये बरामद होने के मामले में 11 अक्टूबर की देर रात लखनवाड़ा पुलिस थाना में तीन लोगों पर संगठित अपराध की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर 12 अक्टूबर को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेकिन 8-9 अक्टूबर की रात कार में फरियादी ने 2 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपये होने की बात कही थी, जो सही है या नहीं अब तक की जांच में यह बात खुलकर सामने नहीं आई है।

### पुलिस कंट्रोल रूम में तैयार हो रही है रिपोर्ट

इधर जबलपुर एएसपी आयुष गुप्ता 10 अक्टूबर से जबलपुर आइजी के निर्देशन में प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट तैयार करने में लगे हैं। वहीं 13 अक्टूबर की सुबह सिवनी पुलिस कंट्रोल में जबलपुर आइजी प्रमोद वर्मा, छिंदवाड़ा डीईजी राकेश कुमार सिंह भी पहुंच गए। सूत्रों के अनुसार पुलिस कप्तान, एएसपी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम में प्रकरण पर जांच चल रही है। कहा जा रहा है कि शाम तक इस मामले में अभी तक हुई कार्रवाई की अधिकारिक जानकारी पुलिस अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक की जा सकती है।

### पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी

महाराष्ट्र जालना के तीन आरोपित सोहन परमार, शेख मुख्तार व इरफान पठान पुलिस की गिरफ्त में है। साथ ही जिस गाड़ी में हवाला के रुपयों का अवैध परिवहन किया जा रहा था,

## हवाला कांड के बाद मचा हड़कंप, सिवनी कंट्रोल रूम में आये आइजी-डीइजी, मामले की चल रही जांच




उसे पहले ही पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। यह करोड़ों रुपये जुआ-सट्टा सहित अन्य आपराधिक कार्यों के होने का अंदेशा है। नागपुर गई पुलिस की एक टीम वापस लौट गई है जबकि दूसरी टीम के सतना में होने की बात कही जा रही है। हवाला रुपयों को इधर-उधर करने में शामिल अन्य आरोपियों के नाम भी सामने आ सकते हैं।
लखनवाड़ा थान में दर्ज एफआईआर के अनुसार घटना की रात वाहन सफेद रंग की क्रेटा कार क्र. एमएच 13 ईके 3430 में इरफान पठान पुलबंडी जिला औरंगाबाद तथा शेख मुख्तार उज्जैन पुरी तहसील बदनापुर जिला जालना महाराष्ट्र निवासी सवार थे, जो कार्रवाई के दौरान मौके से फरार हो गए। जबकि पकड़ी गई रकम पर जालना के सोहन परमार ने अपना दावा करते हुए पुलिस पर रुपयों की लूटे करने संगीन आरोप लगाए थे। इसके बाद से ही पूरे पुलिस विभाग में हडक़ंप की स्थिति बनी हुई है। इसके बाद 1.45 करोड़ रुपये की रकम 9 अक्टूबर को सीएसपी पूजा पांडे व एसआई अर्पित भैरम ने प्रस्तुत की थी। मामले में कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहा है। केवल जांच प्रचलित होने की बात कह रहा है।

### कलेक्टर के निर्देश पर बच्चों की स्वास्थ्य मॉनिटरिंग के लिए डोर-टू-डोर सर्वे जारी



**कफ से ग्रसित बच्चों के उपचार में उपयोग दवाओं की ली जा रही जानकारी**

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देश पर जिले में कफ सिरप जांच अभियान के अंतर्गत बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए डोर-टू-डोर सर्वे प्रारंभ किया गया है। संयुक्त जांच दलों के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला घर-घर पहुंचकर बच्चों की मॉनिटरिंग कर रहा है।
सर्वे के दौरान विगत दिनों में कफ से ग्रसित बच्चों के उपचार में उपयोग की गई दवाइयों की जानकारी संधारित की जा रही है ताकि संभावित दुष्प्रभावों की पहचान की जा सके और आवश्यक चिकित्सा सहायता समय पर प्रदान की जा सके।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सर्वे कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा प्रत्येक बच्चे की स्थिति का विवरण स्वास्थ्य विभाग को नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए।

## दीपावली पर्व में सतत बिजली आपूर्ति करने शुरू हुई कवायद

**14 विद्युत वितरण केंद्र के सभी फीडरों में हो रहा रखरखाव कार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बिजली कंपनी जिले में मेंटनेंस पखवाड़ा पर विशेष अभियान चला रही है। दीपावली में सर्तत रूप से सभी क्षेत्रों मैं बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने विभाग ने कवायद शुरू की है। इस दौरान सिवनी संभाग के 14 विद्युत वितरण केंद्र में सुबह नौ ने दोपहर तीन बजे तक काम चल रहा है।
शुक्रवार को तीसरे दिन सिवनी, केवलारी, कुरई, बरघाट व अन्य क्षेत्र में लाइन सुधार, ट्रांसफार्मर बदलने व दूसरे काम किए गए। सिवनी संभाग के कार्यपालन यंत्री सुभाष राय ने बताया कि मेंटनेंस पखवाड़ा में प्रतिदिन सभी 14 वितरण केंद्र में दो-दो फीडर में आवश्यक रखरखाव संबंधी कार्य किए जा रहे हैं।
इसके दौरान 700 ट्रांसफार्मर लगाए सुधारे जा रहे हैं। साथ ही विद्युत लाइन के पेड़ों की कटाई, लाइन उपकरण सुधारे गए हैं। लूज तार को टाइट किया जा रहा है।
लाइन क्लियरेंस के काम हो रहे हैं। जरूरत के मुताबिक पोल बदलने का काम हो रहा है। बताया कि सिवनी संभाग के अंतर्गत नौ अक्टूबर से मेंटेनेंस पखवाड़ा प्रारंभ किया गया है, जो दीपावली से पहले पूरा कर लिया जाएगा। इसमें सभी 11 केवी लाइन,कर्मनित किया है पाली के पूर्व की टीम मकर स का उपयोग करते हुए सभी घरेलु फोड़ का शत-प्रतिशत मेंटिनेंस करना है। रखरखाम के बाद अर्थफास्ट ट्रिपिंग आने पर वितरण केंद्र प्रभारी स्वयं उस पीहर की मैदानी पेट्रोलिंग करेंगे, फेल या लाइन पर पेड़ों को शाखाएं, बेला आने पर बिजली आपूर्ति बाधित होने पर संबंधित लाइन कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी कर्मचारियों को मेंटेनेस पखवाड़ा में फीडरों का मेंटेनेंस सही दंग से करने को कहा गया है, ताकि ट्रिपिंग रहित सप्लाई व सतत विद्युत आपूर्ति उपभोक्ताओं को दी जा सकें।
अधिकारी कर रहे निरीक्षण, होगी कार्रवाई बताया कि मेंटेनेंस पंखवाड़ा के दौरान विद्युत वितरण केंद्र के अधिकारियों की टीम को निरीक्षण पर लगाया है। यदि मेंटनेंस पूरा होने के बाद निरीक्षण में कमी पाई जाएगी, तो संबंधित लाइन कर्मचारी पर कार्रवाई होगी।
पखवाड़ा के दौरान जहाँ मेंटेनेंस हो गया है, वहां ट्रांसफार्मर, केबल बदला जाएगा, ताकि दीपावली में आमजनों की और आगामी रबी सीजन में किसानों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति हो।

## किकबॉक्सिंग चैंपियंस खिलाड़ियों से भेंट कर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने उनका उत्साह बढाया



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वाको इंडिया जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 (22 से 26 सितम्बर, सोलन, हिमाचल प्रदेश) में जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। विजेता खिलाड़ियों से सोमवार 13 अक्टूबर को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सौजन्य भेंट की। कलेक्टर श्रीमती पटले ने खिलाड़ियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आप जैसे युवा खिलाड़ी हमारे जिले का गौरव हैं। मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहिए, प्रशासन सदैव आपके साथ है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उन्हें और भी ऊँचाइयाँ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उनके प्रेरणादायी शब्दों से खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे, टीम कोच सेंसई निकेश पद्माकर तथा वरिष्ठ प्रशिक्षक श्री योगेश नाविक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अनुप्रिया कौरव ने दो स्वर्ण पदक (लाइट कॉन्टेक्ट एवं किक लाइट), अथर्व कौरव ने एक स्वर्ण एवं एक रजत पदक तथा ऐश्वर्या अवधवाल ने दो कांस्य पदक प्राप्त किए।



## भैरोगंज बस्ती के स्वयंसेवको द्वारा निकाला गया पथ संचलन

**सिवनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने एवं विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को सायं 04 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर सोमवारी चौक भैरोगंज सिवनी में शस्त्र पूजन कार्यक्रम, मुख्यअतिथि नाथू राम धुर्वे वनवासी विकास परिषद के अध्यक्ष, मुख्य वक्ता मनीष पांडे सहप्रान्त व्यवस्था प्रमुख जबलपुर की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परम पवित्र भगवा ध्वज के पूजन एवं शस्त्र पूजन से हुई, जिसके बाद संघ के स्वयंसेवको द्वारा समता योग, दण्ड योग, सूर्यनमस्कार, नियुद्ध का प्रदर्शन एवं सामूहिक गीत व एकल गीत की प्रस्तुति दी गयी ।

## श्री महावीर व्यायाम शाला का सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



दिनांक 12 अक्टूबर 25 को सायं 7 बजे से श्री महावीर व्यायाम शाला सुभाष वार्ड सिवनी द्वारा संस्था प्रांगण में जिले की समस्त व्यायाम शालाओं का सम्मान हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समस्त व्यायाम शाला के अध्यक्ष व संचालकों के अलावा संस्था के जिला ,प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर संस्था को गौरांवित करने वाले ,जिम्नास्टिक, मार्शल आर्ट , गतका, लाठी तलवार का प्रदर्शन करने छात्र छात्राओं को ट्रॉफी व मेडल से सम्म्मनित किया गया । सर्व प्रथम संस्था प्रांगण में पूजन उपरांत प्रार्थना हुई फिर संस्था के पदाधिकारियों को मंच पर आसीन किया गया जिनमें संस्था के वरिष्ठ संरक्षक शंकर लाल सोनी, अध्यक्ष सुदर्शन बाझल, पूर्व अध्यक्ष प्रसन्न चंद मालू, सचिव हीरालाल सोनी, गुलाब सिंह पवार, संरक्षक राजबहादुर सिंह चौहान, अशोक चौहान, सी एल श्रीवास, दुर्गा उत्सव समिति हाऊसिंग बोर्ड से चीकू सक्सेना अशोक वार्ड से मुकेश चौरसिया शामिल थे मंचसीन पदाधिकारियों के करकमलों द्वारा सभी का सम्मान किया गया ।सम्मान की कड़ी में प्रथम सभी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया तत्पश्चात समस्त व्यायाम शालाओं को सम्मानित किया गया श्री हनुमान व्यायाम शाला से अध्यक्ष हीरालाल कुल्हड़े,संचालक महेश हेड़ाऊ, मठ व्यायाम शाला से अध्यक्ष अरुण कश्यप,संचालक खेमचंद्र कश्यप, शहीद रामपाल व्यायाम शाला से शिवपाल ठाकुर , नंदू बघेल,महामाया व्यायाम शाला से राजकुमार उईके,बबलू यादव ,बजरंग व्यायाम शाला से अध्यक्ष विष्णु करोसिया, श्याम प्रजापति,श्री अंजनी किशोर व्यायाम शाला से अध्यक्ष संजू मिश्रा, संचालक शिवकुमार डहेरिया, ओम भाई, श्री हनुमान व्यायाम शाला ललमटिया से अध्यक्ष घूडन जांघेला ,संचालक संत कुमार कश्यप, केवटी वार्ड व्यायाम शाला से अध्यक्ष अशोक नाविक , संचालक दुर्गेश नाविक ,कहारी वार्ड व्यायाम शाला से अध्यक्ष योगेश ब्यौहार संचालक संतोष ,महाबली व्यायाम शाला से धनराज मानाठाकुर का शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। सम्मान की अन्य कड़ी में गउ रक्षा के सेवक, जहरीले सापो से सुरक्षा करने वाले प्रवीण को तथा समाज सेवक कंप्यूटर वेदास के संचालक आशीष अग्रवाल को भी संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन संस्था संचालक धीरज पाल व उपसंचालक अंकित मिश्रा द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में संस्थाओं की एकता,अखंडता व छात्र छात्राओं में अच्छे संस्कार और परंपरागत खेलो में उनकी रुचि बढने पर विशेष जोर दिया ।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन अनेक कार्यक्रमों मे हुए शामिल



**सिवनी-** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन क्षेत्रांतर्गत आयोजित अनेक कार्यक्रमों मे शामिल हुए। आज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विधायक दिनेश राय मुनमुन सर्वप्रथम उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी मे आयोजित छात्र-छात्राओं को सायकल वितरण कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे सांसद श्रीमती भारती पारधी के साथ सहभागिता किया। तथा छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने पी.. कॉलेज सिवनी के ऑडिटोरियम में आयोजित स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम में सहभागिता किया। तथा उपस्थितों को अपने संबोधन मे जानकारी दिया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिवनी में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत आयोजित विधानसभा सम्मेलन में सांसद श्रीमती भारती पारधी , भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ सहभागिता कर आत्मनिर्भर भारत बनाने कि शपथ लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों, मोर्चा, प्रकोष्ठों मंडल अध्यक्षों,पदाधिकारियों एवं देवतुल्य ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

## जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 15 अक्टूबर को

जिला रोजगार अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी तथा शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं और युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार से जोडऩे के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जा रहा है यह मेला दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक शासकीय आईटीआई परिसर बायपास चौक बरघाट रोड सिवनी में आयोजित होगा आयोजित मेले में देश एवं प्रदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी नियोजक कंपनियों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर आदि पदों के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा साथ ही स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को ऋण वितरण प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मेले में सम्मिलित होने के इच्छुक 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के आवेदक जो कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई अथवा स्नातक तक उत्तीर्ण हैं वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची तथा दो पासपोर्ट आकार की फोटो लेकर उपस्थित हों इस मेले हेतु किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## समय-सीमा बैठक संपन्नः सीएम हेल्प लाईन में दर्ज होने वाली प्रत्येक शिकायत को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए संतुष्टी से बंद करवाने के निर्देश दिये

**सिवनी** / सोमवार 13 अक्टूबर को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत,अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप, अनुविभागीय अधिकारी सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सीएम हेल्पलाइन, समय-सीमा में दर्ज प्रकरण, जनसुनवाई सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को सीएम हेल्प लाईन में दर्ज होने वाली प्रत्येक शिकायत को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए संतुष्टी से बंद करवाने के निर्देश दिये।
कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने राजस्व विभाग अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री, नामांतरण, अभिलेख सुधार एवं बंटवारे सहित अन्य लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय भूमि में अतिक्रमण के प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही की जाए। विभाग का पटवारी सहित अन्य मैदानी अमला सक्रीय रहकर अतिक्रमण की सूचना उपलब्ध कराए तथा सक्षम स्तर से तत्काल कार्यवाही की जाए। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को उचित मूल्य दुकानों के निरीक्षण तथा अनियमितता पाये जाने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी, प्रबंधक वेयर हाउस से पंजीकृत किसानों तथा अनुमानित आवक एवं प्रस्तावित उपार्जन केन्द्रों के संबंध में जानकारी लेकर जिले के सभी क्षेत्रों में आवक अनुरूप सुविधाजनक संख्या में उपार्जन केन्द्र स्थापित करते हुए सभी जरूरी संसाधनों एवं सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आवश्यक खाद-बीज की उपलब्धता तथा वितरण की स्थिति की समीक्षा के साथ ही रबी सीजन में लगने वाले उर्वरकों की अनुमानित मात्रा को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा कर पर्याप्त मात्रा में आवश्यक उर्वरकों के भंडारण सुगम वितरण की व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जनपदवार मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति तथा मानव दिवस सृजन एवं भुगतान स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास प्लस एवं प्रधानमंत्री जनमन योजना के आवासों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने धरती आबा अभियान अंतर्गत चयनित ग्रामों के शेष रहे पात्र हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड जैसी सभी मूलभूत योजनाओं के लाभ से लाभांवित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को सेवा निवृत्त कर्मचारियों के सभी स्वत्वों का भुगतान त्वरित रूप से करने के लिए निर्देशित किया है। इसी तरह जिला परिवहन अधिकारी को वाहन चैकिंग की कार्यवाही बढ़ाते हुए अधिकतम कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**अधिकारियों को सौंपे गये आवश्यक दायित्व**

## राज्य स्तरीय मोंगली कार्यक्रम की तैयारियों के लिए बैठक संपन्न

**आगामी 27, 28 एवं 29 अक्टूबर को पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी में प्रस्तावित राज्य स्तरीय मोंगली बाल उत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कार्यानुरूप विभिन्न विभागों के अधिकारियों आवश्यक दायित्व सौंपे हैं।
कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा अधिकारियों को उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम में संपूर्ण प्रदेश से शामिल होने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की आवास, खान-पान सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए आवश्यकतानुसार टेंडर कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों को लाने एवं ले जाने के लिए वाहन व्यवस्था, कैम्प की सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा तथा सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिये हैं।
उन्होंने सहभागी होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक गतिविधियां के आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर, जोबा ग्राम की घटना पुलिस जांच में जुटि**

**सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जोबा ग्राम के समीप रात्रि के समय एक सडक़ हादसा हो गया जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन और बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार एक बाइक में सचिन यादव उम्र 20 वर्ष सवार होकर घंसौर से जोबा जा रहा था। जब वह जोबा ग्राम के समीप पहुंचे तो अज्ञात वाहन और बाइक की आपस मे भिड़ंत हो गई। जिसके कारण बाइक सवार जमीन पर गिर गया। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने पुलिस और 108 वाहन में दी जिसके बाद एम्बुलेंस में चलने वाले रोहित दुबे ने स्थानीय लोगो की मदद से उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां बाइक सवार को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने मेडिकल कालेज जबलपुर रेफर कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। जिस जगह यह हादसा हुआ वहां लोगो का व वाहनों का आना जाना अधिक होता है। यदि घटना के समय लोग मौजूद होते या वाहन आते जाते होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया का कहना है कि सूचना मिली थी कि अज्ञात वाहन और बाइक में भिंडन्त में एक घायल है। फिलहाल जांच की जा रही है। पुलिस लगातार लोगो से अपील कर रही है कि सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं। बाबजूद इसके लोग लापरवाही बरत रहे हैं और हादसो को अंजाम दे रहे हैं।

## कार्रवाई : 2 लाख के सोने-चांदी के जेवर बरामद

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट पुलिस ने तीन अंतर्राज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी जमानत पर छूटने के बाद महाराष्ट्र के धापेवाड़ा में चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके थे। पुलिस ने आरोपियों का जुलूस भी निकाला और उन्हें मीडिया के सामने पेश किया।

ग्रामीण थाना क्षेत्र के बगदर्रा निवासी कुंदन बनोटे के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज थे। जमानत पर रिहा होने के बाद थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने उसे निगरानी डोजियर तैयार करने के लिए बुलाया था। इसी पूछताछ के दौरान कुंदन पर संदेह हुआ, जिससे अंतर्राज्यीय चोरी का खुलासा हुआ।

पुलिस पूछताछ में कुंदन ने अपने साथियों जितेंद्र गौतम और प्रदीप कुम्हरे के साथ 6 अक्टूबर को महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के धापेवाड़ा में चोरी करना कबूल किया। गहन पूछताछ में आरोपियों ने लगभग एक साल पहले किरनापुर थाना क्षेत्र के धड़ी और लालबर्रा थाना क्षेत्र के बेलगांव में हुई चोरी की वारदातों को भी स्वीकार किया।



पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने के जेवरात (नेकलेस, पेंडल, नथ, झाले, बाली, टॉप्स) और चांदी के जेवरात (पायल, बिछिया, करधन) बरामद किए हैं। बरामद सामान की अनुमानित कीमत लगभग दो लाख रुपये है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि आरोपी आदतन अपराधी हैं और लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम देते रहे हैं।

एएसपी शुक्ला ने यह भी बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों से कुल तीन चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है और उनसे अभी भी पूछताछ जारी है। ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल के अनुसार, आरोपी कुंदन बनोटे के खिलाफ जिला बदर की फाइल तैयार की जा रही है, जिसे जल्द ही अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## प्रशासनिक अधिकारियों ने मेडल व प्रमाण देकर किया सम्मान

# साइंस सर्किल के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी के सभागार में 13 अक्टूबर को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ द्वारा साइंस सर्किल प्रतियोगिता परीक्षा के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य हुमराज पटले ने बताया कि इस प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अभिषेक चौधरी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय भी मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन कर साइंस सर्किल प्रतियोगिता परीक्षा के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं सिल्ड मेडल देकर सम्मानित कर किया गया। इस दौरान बताया गया कि साइंस सर्किल प्रतिवर्ष एक राज्य स्तरीय कनिष्ठ एवं वरिष्ट आकलन परीक्षा का आयोजन करता है, जिसमें जिले व विकासखण्ड स्तर पर परीक्षा केन्द्र बनाये जाते है। सत्र 2024-25 में यह परीक्षा 29 दिसम्बर 2025 को आयोजित की गई थी तथा इस वर्ष यह परीक्षा 28 दिसम्बर 2025 को आयोजित होनी है। इस परीक्षा में विजेता छात्रों को कनिष्ट एवं वरिष्ट स्तर पर पृथक-पृथक पारितोषिक विज्ञान दिवस 28 फरवरी को प्रदान किये जाते है।

साइंस सर्किल के संस्था नोडल श्री प्रवीण राणा द्वारा बताया गया कि साइंस सर्किल द्वारा इस वर्ष नवाचार के तौर पर कक्षा 8 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की गई है। जबकि पूर्व वर्षों में यह परीक्षा केवल कक्षा 9 से 12 तक ही आयोजित होती थी। उन्होंने बताया कि सत्र 2024-25 में प्रतिभावान छात्रों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान क्रमशः कक्षा 9वीं से कु. दिक्षा नगपूरे एवं कु. रिद्धिमा पटले, कक्षा 10वीं से कुशल पचोरी एवं कु. महक पारधी, कक्षा 11वीं से गणित संकाय में ओम पारधी, कु. सुजल बिसेन, विज्ञान संकाय मे प्रियांशु चौधरी, कु. कशिश राहंगडाले ने हासिल किया है।

## आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने मोटे अनाज से बनाए व्यजंनों का किया प्रदर्शन

# खैरलांजी में पोषण माह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



मुख्यालय में 13 अक्टूबर सोमवार को महिला बाल विकास विभाग के तत्वावधान में परियोजना अधिकारी लकेश उके के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत के सभाकक्ष में खैरलांजी सेक्टर के द्वारा पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान खैरलाजी सेक्टर के अंतर्गत आने वाली 23 आगनवांडी केंद्रो की कार्यकर्ता एंव सहायिका शामिल हुई। जिन्होंने स्थानी खाद्य सामग्री से मोटे अनाज के विविध प्रकार के व्यंजन तैयार कर उनका प्रदर्शन किया। साथ ही उनके महत्व को विस्तृत रूप से बताया ग। कार्यक्रंम को सफल बनाने व व्यापक रूप देने के लिए सेक्टर प्रभारी श्रीमती माधुरी जैन का विशेष सहयोग रहा । जिन्होंने बताया की संतुलित पोषण आहार लेने से उपयुक्त रूप से आवश्यक पोषक तत्व शरीर को प्राप्त होते है और रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि होती है जिससे शारीरिक एंव मानसिक विकास होता है। उन्होंनो किशोरी बालिका, गृभवति महिला, दात्री ,सहित बच्चो को पोषक तत्व युक्त भोजन में आहार लेने के लिए प्रेरित किया तथा मोटे अनाज में पाये जाने वाले पोषक तत्व के बारे में विस्तृत रूप से बताया।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुनीता मानसिंह बहेटवार ने पोषण माह कार्यक्रम में मोटे अनाज से बनाए गए व्यंजनो की प्रदर्शनीय की सराहना की साथ ही भोजन में पोषक तत्व युक्त आहार लेने की सलाह दी। इस दौरान कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती ज्योति नागपुरे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनिता बहेटवार, जनपद सदस्य श्रीमति स्वाती मसकरे, सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती माधुरी जैन सहित आगनवांडी कार्यकर्ता एंव साहियका मौजूद रही।

# शालेय राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए जिले के 8 खिलाडी सागर जिले के लिए हुए रवाना



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुन्तला डामोर के संरक्षक एवं मार्गदर्शन में विगत दिवस विभागीय राज्य स्तरीय बैडमिंटन आयु वर्ग 14 बालक-बालिका की चयन प्रतियोगिता बैहर में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत दक्षिण क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र एवं मध्य क्षेत्र के बालक बालिका शामिल हुए। प्रतियोगिता बालक क्रीड़ा परिसर उत्कृष्ट विद्यालय बैहर बैडमिंटन इंडोर हॉल में सम्पन्न हुई, जिसमें चयनित खिलाड़ियों को संस्था के प्राचार्य, समस्त पीटीआई ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डीके मेश्राम ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन होने के फ़लस्वरुप सागर जिले में 13 से 17 अक्टूबर तक आयोजित शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 14 सदस्यीय जनजातीय कार्य विभाग का दल एवं जनरल मैनेजर तथा कोच शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में दक्षिण क्षेत्र बालाघाट जिले के 08 बालक बालिका एवं पश्चिम क्षेत्र धार जिले से 01 बालिका, खरगौन जिले से 01 बालिका शामिल होंगे।

# कवि संजय अश्क व समाजसेवी दिपक पुष्पतोडे हुए सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एंव सम्मान समारोह का आयोजन 11 अक्टूबर को अमरवाडा (छिंदवाड़ा) में किया गया । जिसमे जिले के समाजसेवी दिपक पुषतोडे एंव हास्य व्यंग व कवि संजय अश्क को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह जानकारी कवि संजय अश्क के द्वारा दि गई। उन्होंने बताया की साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर अमरवाडा में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गयि।साथ ही पठार सर्घष समिति के संयोजक दिपक पुष्पतोडे को भी सामाजिक व पर्यावरण क्षेत्र में उत्कृष्ट व बेहतरीन सेवा भाव से सर्मपित होकर कार्य करने पर उन्हें श्री सुंदरलाल बहुगुणा सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही दिनेश देहाती और अंतू झकास को भी साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।साहित्यिक व सामाजिक क्षेत्र में इन समाजसेवी का सम्मान होने पर उनके प्रशंसको ने हर्ष व्यक्त किया। अमरवाड़ा के हास्य कवि भुवन सिंह धांसू और संस्थापक व आयोजक समिति का सभी कवियों ने आभार व्यक्त किया।

## जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आज

**बालाघाट।** 14 अक्टूबर को जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में दोपहर 02 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में विगत सामान्य प्रशासन समिति का पालन प्रतिवेदन, गृह निर्माण मंडल (हाउसिंग बोर्ड) अंतर्गत कार्यो की समीक्षा, सहकारी विभाग की कार्यो की समीक्षा व अन्य एजेण्डो पर समीक्षा की जाएगी।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 16 को

16 अक्टूबर को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में दोपहर 02 बजे से प्रारंभ होगी। इस बैठक में आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

# टीएल बैठक में कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 13 अक्टूबर को टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के चिन्हित 347 ग्रामों के एक्शन प्लॉन पर चर्चा की गई। इस दौरान सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी ग्रामों का विलेज एक्शन प्लॉन तैयार कर शीघ्र पोर्टल पर अपलोड करें। सभी ग्रामों में आदि सेवा केंद्र प्रारंभ कर उनका संचालन सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन राईस मिलर्स द्वारा धान की कस्टम मिलिंग के बाद अब तक चावल जमा नही किया गया है, उनके विरूद्ध पेनाल्टी लगाने की कार्यवाही करें। इसके साथ ही निर्देशित किया गया कि राईस मिलों में उपलब्ध धान के स्टॉक का सत्यापन कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान बताया गया कि 18 राईस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के बाद चावल जमा नही किया गया है। कलेक्टर श्री मीना ने इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए राईस मील के निरीक्षण की रिपोर्ट लिखित में प्रस्तुत नही करने पर जिला आपूर्ति अधिकारी एवं संबंधित नायब तहसीलदार को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर कलेक्टर से कहा कि चावल जमा नही करने वाले राईस मिलर्स पर पेनाल्टी लगाने की फाईल शीघ्र प्रस्तुत करें।

बैठक में सभी एसडीएम एवं मंडी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गए कि चेक पोस्ट से धान एवं अन्य कृषि उपज की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखे। चेक पोस्ट पर वाहनों की नियमित रूप से जांच करे और यह सुनिश्चित करे कि धान का अवैध रूप से परिवहन नही होना चाहिए। इस दौरान रबी सीजन में उत्पादित धान एवं मंडी में विक्रय किये गए धान की मात्रा का मिलान करने के निर्देश दिये गए। मंडी सचिवों को निर्देशित किया गया कि जिले की मंडियों के शेड एवं भवन आदि की मरम्मत का कार्य कराए। मंडी में उपलब्ध दुकानों का शीघ्रता से आवंटन करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान बताया गया कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए जिले के 01 लाख 27 हजार 518 किसानों का पंजीयन किया गया है। कलेक्टर श्री मीना ने पंजीयन कराने वाले किसानों के रकबे का शीघ्र सत्यापन करने के निर्देश दिए।

## वारासिवनी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 2 चोर गिरफ्तार

## और भी चोरियों का हो सकता हैं खुलासा, चोरों से पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

पिछले एक माह से वारासिवनी थाना क्षेत्र में हो रही लगातार चोरियों की घटनाओं के बाद आखिरकार पुलिस विभाग के खुफिया तंत्र को चोरों का पता लगाने और उन्हें पकडऩे में सफलता हासिल हो गई है। वारासिवनी पुलिस ने 2 युवकों को गिरफ्तार कर उनके द्वारा चोरी किए गए कुछ जेवरात व नगदी रकम सहित कुल 55 हजार रुपए की सामान की बरामदगी की है। फिलहाल अभी चोरों ने वार्ड नंबर 3 निवासी शिक्षक दंपत्ति फूल चंद ठाकरे एवं हिमाचल नगर वार्ड नंबर 1 निवासी विनायक राव सोनी के घर चोरी करना स्वीकार किया है। एसडीओपी अभिषेक चौधरी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में अक्षय गुप्ता पिता दिनेश गुप्ता 24 वर्ष शादीपुरा डिपो वेस्ट पटेल नगर नई दिल्ली और अनिल चुन्नीलाल बोरकर 38 वर्ष शिवाजी वार्ड साकोली भंडारा दोनों का हाल मुकाम समर्थ नगर लाखनी भंडारा हैं।

एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह चोरोंका एक अंतर्राज्यीय गिरोह हैं। जो विभिन्न नगरों व ग्रामों में चोरियॉ करने के बाद वारासिवनी में भी सक्रिय हुआ और चोरियॉ की हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चोरों से पूछताछ में मिली जानकारी अनुसार इनके द्वारा भंडारा जिले के साकोली, लाखनी, सिहोरा एवं यवतमाल जिले के अवधुतवाड़ी में लगभग कुल 9 चोरिया की गई है। पिछले 7 से 8 वर्षो से यह दोनों चोरी, लूट, डकैती में संलिप्त रहे हैं। इनके साथ और भी लोगों के शामिल होने की संभावना है, जिनके बारे में पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जिससे नगर व क्षेत्र में हुई अन्य चोरियों की घटनाओं का भी खुलासा हो सके।

उन्होंने बताया कि नगर व क्षेत्र में हो रही लगातार चोरियों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चोरों की तलाश के लिए 3 टीमें बनाई गई थी। इन टीमों द्वारा लगभग 50 सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया गया और सीसीटीवी फुटेज में जिन व्यक्तियों संदेह हुआ। उनकी फोटो महाराष्ट्र सहित अन्य प्रदेशों के पुलिस विभाग को भेजकर जानकारी जुटाई गई। जिसमें वारासिवनी के खुफिया तंत्र का विशेष योगदान रहा।



उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मिले फोटो की पहचान भंडारा महाराष्ट्र की पुलिस द्वारा की गई, जिसके बाद पुलिस टीम ने चोरों की पतासाजी की गई और 2 चोरों को साकोली जिला भंडारा से गिरफ्तार किया गया। यह चोर पहले सूने घरों की रेकी किया करते थे और फिर वहॉ पर ताला लगा होने पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर वापस भंडारा भाग जाये करते थे। इन दोनों को भंडारा से गिरफ्तार किया गया हैं।

इन चोरों को पकडऩे में थाना प्रभारी हेमंत नायक, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र उइके, उपनिरीक्षक अभिमन्यु द्विवेदी, उपनिरीक्षक अनुराग सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक रितु बघेल, आरक्षकगण हेमंत बघेल, तारेन्द्र बिसेन, विष्णु, शरद लिल्हारे, ओमकार उइके का सराहनीय योगदान रहा।

# लालबर्रा ददिया में एक दिवसीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन





**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा। जनपद पंचायत अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ददिया में वैन गंगा क्लब के द्वारा एक दिवसीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, उक्त आयोजित कार्यक्रम 16 अक्टूबर दिन गुरुवार को होना है।**

प्रेस को जानकारी देते हुए समीती अध्यक्ष जीतू आश्वाले ने बताया कि हमारे ग्राम ददिया में ग्राम पंचायत स्तरीय एक दिवसीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन वैनगंगा क्लब ददिया एवं समस्त ग्राम वासी के तत्वावधान में किया जा रहा है जिसमें आपकी टीम सादर आमंत्रित हैं।जिसमें खिलाड़ियों के लिए प्रवेश शुल्क 251 रुपए निर्धारित किया गया है तथा पुरुस्कार वितरण में प्रथम ईनाम 11,000 रुपए व शील्ड ग्राम पंचायत ददिया द्वारा, द्वितीय ईनाम 7,000 रुपए व शील्ड समीति द्वारा, तृतीय ईनाम 5,000 रुपए व शील्ड बंटी भोयर, हेमराज भोयर,लक्ष्मण सपाटे व चतुर्थ ईनाम 2,000 रुपए व शील्ड लितेश भोयर द्वारा दिया जाना है। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती रिषी पंक्षी राजेंद्र भलावी सरपंच ग्राम पंचायत ददिया तथा प्रमुख अतिथि में श्रीमती केशर मनीराम भोयर जनपद पंचायत सदस्य, रुपेन्द्र भोयर उपसरपंच,पं. अनिल शास्त्री,पं. राजेश दुबे, मनीराम भोयर पुर्व सरपंच, कृष्णा मोहबे पुर्व सरपंच,नेतलाल बिसेन पुर्व सरपंच, ज्ञानचंद मात्रे पुर्व सरपंच, तुलसी राम बोपचे पुर्व जनपद पंचायत सदस्य, साथ ही कार्यक्रम पदाधिकारी भी न्युक्त है। जिसमें जीतू आश्वाले व राकेश भोयर अध्यक्ष, दिनेश कड़ौकर व रुपेन्द्र कड़ौकर उपाध्यक्ष, जितेंद्र धार्मिक व खिलेश सपाटे सचिव,बंटी भोयर व हेमराज भोयर कोषाध्यक्ष तथा खेल समन्वयक श्री लव पटेल जी रहेंगे। साथ ही खेल को सफल बनाने के लिए समीति ने खिलाड़ियों के लिए नियम निर्धारित किए है जिसमें समीति का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा,प्रो कबड्डी के सभी नियम लागू होंगे,सभी खिलाड़ियों को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है एवं खिलाड़ी एक ही पंचायत के होंगे,सभी मैच मेट ग्राउंड पर ही खेले जायेंगे,प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को चोट लगने पर वे स्वयं जिम्मेदार होंगे,प्रवेश शुल्क रात 10 बजे तक ही ली जायेगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से आवंटन पत्र जारी किये

# औद्योगिक क्षेत्र कनकी में 31 हितग्राहियों को उद्यम लगाने 63 भू-खंड आवंटित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से निवेश प्रोत्साहन एवं संवर्धन योजना के अंतर्गत प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों के 237 भू-खंण्डो का उद्यमियों को आवंटन पत्र (एलओआई) सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी किया। इसमें बालाघाट जिले के औद्योगिक क्षेत्र कनकी के 63 भू-खण्ड 31 उद्यमियों को उद्यम लगाने के लिए आवंटित हुए है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 700 एमएसएमई ईकाईयों को 197 करोड़ तथा स्टार्टअप योजना के अंतर्गत 63 उद्यमियों को 01 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की।



कलेक्ट्रेट कार्यालय बालाघाट के एनआईसी कक्ष में भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में बालाघाट जिले के उद्यमी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बालाघाट के हितग्राहियो से संवाद भी किया और उन्हें सफल उद्यमी बनने के लिए शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले, अन्य अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक क्षेत्र कनकी में भू-खण्ड पाने वाले उद्यमी अनिल कुमार गोडवानी व प्रेमचंद गुरनानी, एमएसएमई के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाले उद्यमी दीपक रामचंदानी व विनोद राहंगडाले तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत रेस्टारेंट व्यवसाय प्रारंभ करने वाले कौनेंन कुरैशी व निखिलेश धुवारे से वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से चर्चा कर उनके उद्यमों, निवेश की गई राशि एवं उनके परिजनों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सल प्रभावित जिले में नए उद्यमियों के इस तरह से आगे आकर उद्यम लगाने और अन्य लोगो को रोजगार देने की सराहना करते हुए कहा कि इससे बालाघाट जिले और प्रदेश के विकास को गति मिलेगी।

औद्योगिक क्षेत्र कनकी में जिन उद्यमियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से भू-खण्ड का आवंटन पत्र (एलओआई) जारी किया गया है उनमें उद्यमी अवनेश बजाज, रोहित मंगलानी, मोहेंद्र मरकाम, रति गंगवानी, सौरभ संतोष छुटवानी, यश अशोक गजभिए, सतीश गंगवानी, जोगेश धुवारे, मधुमिलन गुप्ता, मनीषा भगत, श्वेता सहारे, राजेश बजाज, सन्नी बजाज, राहुल मंगलानी, गिरधारी रणदिवे, राहुल गंगाराम राहंगडाले, तपेश सोमचंद तिलाशे, सुनील कुमार कामड़े, करण बजाज, अनिल कुमार गोडवानी, वंश गोडवानी, सोनम योगेंद्र दहीकर, दीपक तेजवानी, भावेश राधेश्याम नत्थानी, प्रेमचंद गुरूनानी, विकास बुधवानी, मुकेश गौतम, शुभम चौधरी, अनिल कुमार गोडवानी, यश गोडवानी एवं वैभव धुर्वे शामिल है। इन उद्यमियों को कलेक्टर श्री मीना ने आवंटन पत्र (एलओआई) प्रदाय किये।